INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDDLE SECTION

कक्षा - सातवीं **SUMMATIVE ASSESSMENT – 2** **पूर्णांक - 60**

दिनांक : 27/02/17 **हिंदी (Third Language) 2016 – 17** **अवधि - 1½ hrs.**

प्रश्न १. दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए । ⑫

क. गंगोत्री से गोमुख की दूरी कितनी है ?

ख. गजनंदन का स्वभाव कैसा था ?

ग. पहले सफर में जहाज़ के कप्तान ने सिंदबाद को कहाँ उतार दिया था ?

घ. सिंदबाद कौन था ?

ङ. मंगल गान कौन गा रहे हैं ?

च. ताड़ वृक्षों के दल कैसे हैं ?

प्रश्न २. दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए । (कोई चार) ⑫

क. सिंदबाद ने भारत से वापस जाने का क्या कारण बताया ?

ख. गजनंदन दिखने में कैसे थे ?

ग. चढ़ाई करते समय बच्चों ने रास्ते में क्या-क्या देखा ?

घ. सावन के आने पर प्रकृति में होने वाले परिवर्तन का वर्णन कीजिए ।

ङ. सिंदबाद ने हवाई यात्रा का निर्णय क्यों लिया ?

प्रश्न ३. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए । ⑥

क. दल **ख.** करतल **ग.** रज **घ.** गोपन **ङ.** तम **छ.** वारि

प्रश्न ४. I.) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित क्रियाविशेषण द्‍वारा कीजिए । ②

क. सुनीता खाना _________ बना लेती है ।

ख. ओणम _________ मनाया जाएगा ।

ग. रोहित _________ खाता है ।

घ. नानाजी मोहित के घर _________ आते हैं ।

II.) निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया विशेषण पहचानकर लिखिए । ②

क. मानव ने गृहकार्य कल कर लिया ।

ख. बच्चा रात-भर रोता रहा ।

ग. हरियाली चारों ओर फैली है ।

घ. नितिन धीरे-धीरे चल दिया ।

प्रश्न ५. निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक पहचानकर लिखिए । ③

क. दर्द के मारे उसका बुरा हाल था ।

ख. स्टेशन के पास शोभित का घर है ।

ग. पिता की तरह पुत्र भी विद्‍वान निकला ।

घ. नीरजा से पहले उमा घर पहुंची ।

ङ. पिता के विरुद्‍ध काम मत करो ।

च. सभी यात्री साधु के पीछे चल दिए ।

प्रश्न ६. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक भेद पहचानकर लिखिए । ④

क. अरे बच्चों ! शोर मत मचाओ ।
ख. मदन ने रोशन की सहायता की ।
ग. यह किताब रोहित की है ।
घ. रहीम को कक्षा में प्रथम स्थान मिला ।
ङ. रीता घोड़े से गिर पड़ी ।
च. मैं पिताजी के लिए कलम लाया ।
छ. गिलहरी पेड़ पर चढ़ गई।
ज. मैं चम्मच से खाना खाता हूँ ।

प्रश्न ७. निम्नलिखित वाक्यों में अकर्मक, सकर्मक, द्विकर्मक और प्रेरणार्थक क्रिया के भेद पहचानकर लिखिए । ④

क. मीना माली से पौधे लगवाती है ।
ख. अंशु चित्र बनाता है ।
ग. पंछी आसमान में उड़ते हैं ।
घ. गौरव ने हर्ष को कलम दी ।

प्रश्न ८. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए । ⑤

एक समय था, जब हमारे देश में वनों की कोई कमी नहीं थी, आबादी कम थी और बड़े-बड़े शहरों का विकास नहीं हुआ था । गाँव और बस्तियाँ अधिकतर जंगलों के किनारे बसे हुए थे । ग्रामीण जीवन में वनों का विशिष्ट स्थान था । वन भारतीय जीवन के स्त्रोत थे । परंतु वर्तमान जीवन बड़े-बड़े महानगरों में सिमट गया है । अब स्वच्छ वायु, प्राकृतिक दृश्य, वनों की छटा स्वप्न बनकर रह गए हैं । वर्तमान में विशेषज्ञों का कहना है कि देश के कम-से-कम 40 प्रतिशत भाग में वन होने चाहिए, परंतु दुर्भाग्य यह है कि मात्र 23 प्रतिशत भाग में वन शेष रह गए हैं । वनों के बिना सभी प्राणियों का जीवित रहना बहुत कठिन है ।

❖ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

क. गाँव और बस्तियाँ कहाँ बसे हुए थे ?
ख. देश के कितने प्रतिशत भाग में वन शेष रह गए हैं ?
ग. अब क्या स्वप्न बनकर रह गए हैं ?
घ. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द उपर्युक्त गद्यांश में से चुनकर लिखिए ।
क. सौभाग्य **ख.** गाँव
ङ. दिए गए गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

प्रश्न ९. अपनी पाठशाला के प्रधानाचार्य जी को छुट्टी हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए । ⑤

प्रश्न १०. किसी एक विषय पर 120 - 130 शब्दों में निबंध लिखिए । ⑤

क. उफ! ये परीक्षाएँ **ख.** मेरा भारत देश **ग.** हँसी का महत्त्व